# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम - मदाऊ, पोस्ट - भांकरोटा, जयपुर, (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई-मेल - jrrsu@yahoo.co.in टेलीफैक्स 0141 - 5132222


क्रमांक : प (274)जरारासंविवि / शैक्ष. / 2023 / दिनांक :-

## कार्यालय आदेश

सत्र 2023–24 के लिए शास्त्री–शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम संचालन बाबत् अस्थाई सम्बद्धता हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 23(2)(ख) के अनुसार महाविद्यालयों की सम्बद्धता के आवेदनों का निपटारा करने हेतु सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 26.08.2023 व 05.09.2023 की अनुशंषा उपरान्त निरीक्षण बोर्ड एवं कार्यपरिषद् की स्वीकारता की शर्त पर सत्र 2023–24 के लिए निम्नलिखित महाविद्यालयों को NCTE एवं राज्य सरकार द्वारा महाविद्यालयों के संबंध में समय–समय पर जारी मान्यता/अनापत्ति प्रमाण पत्र/नियमों की पूर्णतया पालना संबंधित महाविद्यालय द्वारा की जावेगी एवं तदनुसार ही अद्यतन स्थिति पर (सशर्त) निम्नांकित शर्तों की पालना पर अध्यधीन अस्थाई सम्बद्धता अभिवृद्धि की जावेगी–

1. संस्था के अध्यक्ष/सचिव द्वारा रु. 500/– के नॉन ज्यूडीशियल स्टॉम्प पेपर (नोटराइज) पर पत्र जारी होने के 15 दिवस के अन्दर शपथ पत्र प्रस्तुत किया जावे जिसमें संबंधित संस्था/महाविद्यालय आगामी छः माह में निम्नानुसार शर्तों की पूर्ति कर समस्त दस्तावेज विश्वविद्यालय में जमा करा देंगे:–
   - (i) महाविद्यालय को मुख्यद्वार से लेकर सम्पूर्ण भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की वीडियोग्राफी की सीडी मय पंजिका जमा करवा दी जावेगी।
   - (ii) स्टॉफ सलेक्शन नियमानुसार कराकर सूची संलग्न करवा दी जायेगी।
   - (iii) विगत तीन वर्षों के वेतन आहरित विवरण प्राचार्य से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तक सत्यापित कर संलग्न कर जमा करवा दिया जावेगा।
   - (iv) विगत तीन वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट जमा करवा दी जावेगी।
   - (v) विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ उपवेशन की कार्यवाही का विवरण संलग्न कर प्रस्तुत कर दिया जावेगा।
   - (vi) प्रबन्ध समिति के उपवेशन का विवरण जमा करवा दिया जावेगा।
   - (vii) पुस्तकालय में विगत वर्ष में क्रय की गई पुस्तकों के बिल तथा पुस्तकालय में रखी गई उन पुस्तकों का स्पष्ट रंगीन छायाचित्र उपलब्ध करवा दिये जावेंगे।
   - (viii) विगत वर्ष छात्रों की ऑनलाईन/ऑफलाईन कक्षाओं का विवरण मय छात्र संख्या/शिक्षकवार सत्यापित विवरण संलग्न कर उपलब्ध करवा दिया जावेगा।
2. संबंधित महाविद्यालय चयनित स्टॉफ के मूल दस्तावेज पत्र जारी होने के 15 दिवस में विश्वविद्यालय में जमा करवाया जाना सुनिश्चित करावे।
3. सत्र 2023–24 की सम्बद्धता अभिवृद्धि राज्य सरकार द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र के अध्यधीन रहेगी।

| क्र. सं. | महाविद्यालय का नाम | सहशिक्षा/महिला | यूनिट (In-take) | आवेदित विषय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री महर्षि दधीच संस्कृत टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, कोटा–324005 मो.नं.–9414187303 | सहशिक्षा | एक यूनिट (50) | शास्त्री – शिक्षाशास्त्री (B.A.-B.Ed.) (4 Year integrated course) |

2/9/23

# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम - मदाऊ, पोस्ट - भांकरोटा, जयपुर, (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल – jrrsu@yahoo.co.in टेलीफोन: 0141 – 6132022

| क्र. सं. | महाविद्यालय का नाम | सहशिक्षा / महिला | यूनिट (In-take) | आवेदित विषय |
|---|---|---|---|---|
| 2. | महला टीचर्स ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट, खादूश्याम जी रोड़, रींगस, सीकर–332404<br>मो.नं.–9950348613 | सहशिक्षा | दो यूनिट (100) | शास्त्री – शिक्षाशास्त्री (B.A.-B.Ed.) (4 Year integrated course) |
| 3. | सीमा शिक्षा शास्त्री बी.एड. कॉलेज, अजमेर रोड़, परबतसर, नागौर<br>मो.नं.–9983500827, 9414117848 | सहशिक्षा | दो यूनिट (100) | शास्त्री – शिक्षाशास्त्री (B.A.-B.Ed.) (4 Year integrated course) |
| 4 | श्री अर्जुनराम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सीकर<br>मो.नं.– 9414444835, 8432100736 | सहशिक्षा | दो यूनिट (100) | शास्त्री – शिक्षाशास्त्री (B.A.-B.Ed.) (4 Year integrated course) |

कुलसचिव

क्रमांक : प (274)जरारासंविवि / शैक्ष. / 2023 / 5287-94

दिनांक :– 27/9/23

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, मा. कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
2. परीक्षा नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर
3. समन्वयक, PSSST–2023, जरारासंविवि, जयपुर
4. सहायक कुलसचिव, शैक्षणिक शाखा, जरारासंविवि, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि आगामी निरीक्षण बोर्ड की बैठक में पुष्टि हेतु प्रस्तुत करावें।
5. सहायक कुलसचिव, बैठक शाखा, जरारासंविवि, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि आगामी कार्यपरिषद् की बैठक में पुष्टि हेतु प्रस्तुत करावें।
6. प्रभारी वेबसाईट, जरारासंविवि, जयपुर को भेजकर लेख है कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित करावें।
7. संबंधित महाविद्यालय ..................
8. रक्षित पत्रावली

सहायक कुलसचिव